महत्वपूर्ण एवं खास

मासूमों की मौत का विरोध, सुभाष चौक में प्रदेश सरकार का पुतला जलाया

कोरबा (आरएनएस)। भाजपा कोसाबाड़ी मंडल ने शुक्रवार को सुभाष चौक में प्रदेश सरकार का पुतला जलाया। जिलाध्यक्ष राजीव सिंह ने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ मंत्री के क्षेत्र में सरकारी अस्पताल में वेंटिलेटर बंद होने के कारण 5 नवजात बच्चों की दम घुटने से मौत हो गई थी, इसके विरोध में हम सरकार का पुतला जाला रहे है। मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, महिला मोर्चा मंजू सिंह, अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, ललेश दूबे, सुमन सोनी, पंकज देवांगन, राजेश सोनी, चंदन सिंह, पुनीराम साहू, राजेश राठौर, हरेराम साहू, रमा मिरी, तृप्ति सरकार, धर्मपाल सोलंकी, विलास बुटोलिया, अजय गोड़, गिरधारी रजक, लक्ष्मण श्रीवास, रितेश कुमार साहू, योगेश यादव, कृपालसिंह कंवर, दौलतराम चक्रधारी, राजेश चंद्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ब्रम्हकुमारी कमला दीदी का निधन

रायपुर (आरएनएस)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की क्षेत्रीय प्रशासिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी का आज शनिवार 10 दिसम्बर 2022 को सुबह 9 बजे देहावसान हो गया है। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं तथा रायपुर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। श्रद्धेय कमला दीदी का पार्थिव शरीर आज दोपहर 12 बजे से आम लोगों के दर्शनार्थ विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर में रखा गया है। कल रविवार को दोपहर 1 बजे उनका अन्तिम संस्कार किया जाएगा।

पीजी कॉलेज की प्राचार्य पर लगा 5 मामले में 25-25 हजार का अर्थदंड

जगदलपुर (आरएनएस)। सूचना का अधिकार मामले में शासकीय काकतीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर की प्राचार्य डॉ. वी. विजयलक्ष्मी पर राज्य सूचना आयुक्त एके अग्रवाल ने अपने आदेश में 5 मामलों में 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड कुल 01 लाख 25 हजार का आदेश पारित कर शासन के कोष में जमा करने को कहा है। मिली जानकारी के अनुसार महाविद्यालय कर्मचारी शांतनु कर्मकार ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी देने के लिए आवेदन लगाया था। जन सूचना अधिकारी के रूप में प्राचार्य को निर्धारित समयसीमा में मांगी गई समस्त जानकारियां प्रार्थी को उपलब्ध करानी थी, लेकिन उनके द्वारा इसमें की गई कार्रवाई पर्याप्त नहीं थी। उनका जवाब और उपस्थित भी नहीं होने पर राज्य सूचना आयुक्त ने जारी आदेश में उन्हें दोषी मानते हुए राशि वसूली कर शासन के कोष में जमा करने को कहा है। विस्तार से अलग-अलग 5 प्रकरणों में आदेश जारी किया गया है।

बेवरती में गोवर्धन पूजा व अहिर शौर्य प्रदर्शन महोत्सव आज

दसपुर/कांकेर (आरएनएस)। ग्राम बेवरती के कृष्ण सदन में आज 11 दिसम्बर को प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी परिक्षेत्र यादव समाज के द्वारा परिक्षेत्र स्तरीय गोवर्धन पूजा एवं अहिर नृत्य शौर्य प्रदर्शन महोत्सव का सामूहिक आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के संबंध जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष थानूराम यादव सचिव भारतभूषण यादव, कोषाध्यक्ष धनश्याम यादव ने बताया की सूबह 10 बजे कलश शोभायात्रा निकाली जावेंगी एवं शोभायात्रा वापस आने के बाद कार्यक्रम स्थल कृष्ण सदन में दोपहर 2 बजे गोवर्धन पूजा प्रारम्भ की जावेंगी एवं दोपहर 3 बजे से राउत नाचा कलश सजाव कृष्ण सजाओं प्रतियोगिता आरम्भ होगी वही रात्रि कालिन 8 बजे से बालाजी जस झाँकी परिवार बेवरती द्वारा कृष्ण जन्म, कंश वध की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मूख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत कांकेर राम चरण कोर्राम होंगे, अध्यक्षता यादव समाज बेवरती अध्यक्ष थानूराम यादव करेंगे।

अधूरे फ्लाईओवर पर चढ़े दंपत्ति की नीचे गिरकर मौत

- संयोग से बच गई बच्ची
- हादसे के फौरन बाद वहीं गिरी कार

कुम्हारी (आरएनएस)। बीती रात अर्धनिर्मित कुम्हारी फ्लाईओवर से बाइक सवार दंपत्ति नीचे गिर गए। जिससे दोनों की मौत हो गई। वहीं बाइक में सवार बच्ची घायल हो गया है। वहीं इस घटना के थोड़ी देर बाद ही एक कार भी तेज रफ्तार से जाते हुए उसी स्थान पर जा गिरी। जिससे कार चालक को हल्की चोटें आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुम्हारी फ्लाईओवर का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। वहीं निर्माण के दौरान कोई भी बैरियर, डायवर्सन बोर्ड या फ्लाईओवर अर्धनिर्मित होने को बोर्ड नहीं लगा हुआ है। जिसका खामियाजा एक दंपत्ति व कार चालक को भुगतना पड़ा। बताया जाता है कि बीती रात एक दंपत्ति अपने पुत्री के साथ बाइक में सवार होकर अनिर्मित फ्लाईओवर से जा रही थी। जिससे आगे सडक़ नहीं होने पर बाइक सहित तीनों नीचे गिर गए। इस हादसे में दोनों पति-पत्नी की मौत हो गई। वहीं घायल लडक़ी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस घटना के बाद मौके में पहुंची पुलिस बैरियर लगाने में व्यस्त थी तभी दूसरे तरफ टूटे डिवाइडर से एक और कार अर्धनिर्मित फ्लाईओवर के तरफ तेज गति से घुसी। फ्लाईओवर में गड्ढे के पास कोई भी स्टॉपर के अभाव में और फ्लाईओवर पूरी तरह से निर्मित जैसी दिखने के भ्रम में तेज गति से कार उसी स्थान पर गिरी। चूंकि कार का एयरबैग खुलने से चालक सुरक्षित है। वहीं कार क्षतिग्रस्त हो गई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गहरा दुख प्रकट किया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुम्हारी में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज से एक बाइक गिरने से दम्पत्ति की मृत्यु की घटना पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए जिला प्रशासन को इस दुर्घटना में घायल बच्ची को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस घटना के जिम्मेदारों के विरुद्ध तत्काल दण्डात्मक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने इसके साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्माणाधीन ओवरब्रिज में बेरिकेडिंग सहित सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में ऐसा हादसा ना हो। बघेल ने इस हादसे में दिवंगतों की आत्मा की शांति और परिजनों को सम्बल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

नवाचारी पहल - छेरछेरा के तर्ज पर पैरादान तिहार मनाकर गौठानों में हो रहा पैरादान

राजनांदगांव (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जिले के विधानसभाओं में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान किसानों से पराली ना जलाने तथा गौठान में पशुओं के चारा व्यवस्था के लिए पैरादान करने का आव्हान किया गया था। जिसके बाद कलेक्टर डोमन सिंह के नेतृत्व में तथा जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों ने गांव-गांव में छेरछेरा पर्व की तरह ही पैरादान तिहार का आयोजन कर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पैरादान करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने किसान से खेतों में पड़े पराली को जलाने के बजाये गौठानों में पशुओं के चारे के लिए पैरादान करने की अपील की है।

छेरछेरा छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहारों में से एक त्यौहार है। इसी परम्परा के अनुसार पैरादान तिहार को उल्लास से मनाने गांव में महिला समूह की टीम कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ गाजे-बाजे और गुलाल के साथ किसानों और ग्रामीणों के घर-घर जाकर छेरछेरा-छेरछेरा गौठान पर पैरा हेरा-हेरा अपील के साथ गौठान के लिए पैरादान की मांग की जा रही है। खेत-खलिहानों में पैरादान करने के लिए किसान एवं महिलाओं में उत्साह एवं उल्लास है। पूरे गांव में त्यौहार जैसा माहौल बन रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में इसी तरह पैरादान तिहार मनाकर ग्रामीणों को पराली ना जलाकर पैरादान करने जागरूक किया जा रहा है। पराली जलाने से पूरे गांव के वातावरण प्रदूषित होने के साथ ही भूमि की उर्वरता को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

उप संचालक कृषि जीएस धुर्वे ने बताया कि अभियान अंतर्गत अब तक राजनांदगांव विकासखण्ड के सभी 112 ग्राम पंचायतों में औसतन 5-6 ट्रॉली पैरा के साथ 8300 क्ंविटल पैरादान गौठानों के लिए प्राप्त हुआ है। सहायक संचालक कृषि टीकम ठाकुर ने बताया कि जिले में अब तक लगभग 40 हजार क्विंटल पैरादान किया जा चुका हैं। उल्लेखनीय है कि तिहार में एक ओर जहां विभागीय अमले जोर शोर प्रयास कर रहे हैं, वही दूसरी ओर गांवों में भी पैरादान के लिए अलग तरह का उत्साह दिख रहा है। गांव-गांव में महिला समूह घर-घर जाकर पैरादान की अपील कर रही हैं। गौठानों में पैरादान के लिए किसानों द्वारा स्वयं के ट्रेक्टर, बैलगाड़ी, गठ्ठे अन्य माध्यम से पैरादान कर रहे हैं।

संसदीय सचिव ने स्टेशनरी बैंक का किया उद्घाटन

सूरजपुर (आरएनएस)। प्राथमिक शाला बरपारा में विद्यालय परिवार शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम के जागरूक पालको द्वारा ऐसे बच्चे जो शाला समय अवधि में पेन कापी पेंसिल रबड़ इत्यादि किसी कारणवश नहीं लेकर आ पाते हैं तथा ऐसे बच्चे जो उक्त सामग्रियों को खरीदने में असमर्थ होते हैं उनके लिए विद्यालय में इससे स्टेशनरी बैंक का शुरुआत किया गया।

इस बैंक का उद्घाटन संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सूरज गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव लालजी राजवाड़े, कन्नी लाल, बजरंगी सिंह, हरि राजवाड़े, राजकुमार सिंह, हुलास राजवाड़े शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। सभी ने विद्यालय के इस पहल का सराहना किया तथा भविष्य में इसका संचालन सतत एवं निरंतर होता रहे इसके लिए सभी ने अपना सहयोग प्रदान करने की सहमति दी। तथा प्रत्येक शनिवार को बैग लेस डे के अंतर्गत विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान रानू राजवाड़े द्वितीय स्थान पुष्प लता एवं तृतीय स्थान खुशबू रही। सभी बच्चों को संसदीय सचिव राजवाड़े द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम को दिशा एवं मार्गदर्शन देने में विद्यालय के प्रधान पाठक दिनेश कुमार साहू, रवि कण अकेला , फुल केरिया किस्पोट्टा , राम निहोर यादव, एवं माध्यमिक शाला बरपारा के प्रधान पाठक एल पी सिंह, पूनम सिंह, इसरत निशा,संकुल समन्वयक चंद्रप्रकाश कुजूर का रहा।

बैंक के लाखों रूपए लेकर फरार हुआ कैशियर

महासमुंद (आरएनएस)। महासमुंद जिले के पिथौरा के समीप ग्राम बया स्थित पंजाब नेशनल बैंक का कैशियर बैंक के करीब 22 लाख से अधिक की नगद रकम लेकर फरार हो गया है। इसके अलावा स्थानीय शाखा के ग्राहक भी करीब एक करोड़ की राशि खाते में जमा नहीं करने का आरोप लगा रहे है। जिससे बैंक प्रबंधन पर भी सवाल उठ रहे हैं।

बता दें कि पंजाब नेशनल बैंक में पदस्थ के कैशियर बिंदुसागर प्रधान निवासी चिखली थाना पिथौरा द्वारा शाखा बया से शनिवार को करीब 22 लाख रुपए लेकर फरार हो जाने की खबर मिलने के बाद शाखा के ग्राहक अपना खाता जांच कराने बैंक पहुंच रहे हैं, जिसमें कई ग्राहकों के करीब एक करोड़ की राशि ग्राहकों के खातों में जमा ही नहीं की गई है। ग्राहकों को जमा स्लिप तो दे दी गई है मगर उनके बैंक खातों में राशि जमा नहीं हुई है। बैंक की पर्ची लेकर ग्राहक बैंक पहुंच रहे हैं, जहां बैंक प्रबंधन द्वारा उनसे आवेदन लेकर जमा राशि देने का आश्वासन दिया जा रहा है। दूसरी ओर बया चौकी प्रभारी देव आनंद माथुर ने उक्त सम्बन्ध में बताया कि बैंक प्रबंधन द्वारा राशि गबन की सूचना पुलिस को दे दी गई है, जिसकी जांच जारी है। फिलहाल अभी किसी पर भी अपराध दर्ज नही हुआ है। पर जांच के बाद फरार कैशियर पर अपराध दर्ज हो सकता है।

वंदे भारत एक्सप्रेस आज दोपहर 12.30 बजे पहुंचेगी दुर्ग, स्वागत को लेकर लोगों में उत्साह

दुर्ग (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदो ने केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर भारत की सबसे तेज गति से चलने वाली वन्दे भारत एक्सप्रेस की छत्तीसगढ़ प्रदेश को सौगात दिए जाने पर उनका आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। वन्दे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में 6 दिन नागपुर से बिलासपुर तक चलेगी। सांसदों के आग्रह पर केन्द्रीय मंत्री ने पूर्व निर्धारित स्टेशनों के अतिरिक्त यात्रियों के सुविधा हेतु गोंदिया, राजनांदगांव एवं दुर्ग स्टेशनों में भी ठहराव की स्वीकृति प्रदान की है। वन्देभारत एक्सप्रेस के परिचालन से यात्रा सुगम, सुखमय व कम समय में तय होगी। सांसदो ने निरंतर विलंब से चल रही ट्रेनों से यात्रियों को हो रही असुविधा से भी केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया। दुर्ग सासंद विजय बघेल ने कहा है कि वन्दे भारत एक्सप्रेस का 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नागपुर में सुबह 11 बजे उद्घाटन करेंगे। यह ट्रेन दोपहर 12.30 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इस अवसर पर ट्रेन के स्वागत के लिए मैं अपने सहयोगियों व कार्यकर्ताओं के साथ दुर्ग स्टेशन में उपस्थित रहूँगा। मुलाकात के दौरान छग प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद अरुण साव, सांसद सुनील कुमार सोनी, विजय बघेल,संतोष पांडेय,चुन्नीलाल साहू, मोहन मंडावी, श्रीमती गोमती साय, गुहाराम अजगले मौजूद थे। वंदे भारत एक्सप्रेस का भाजपा कार्यकर्ता करेंगे स्वागत भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा है कि नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी हाई स्पीड ट्रेन की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया गया है। यह छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी सौगात है। 11 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस दुर्ग पहुंचेगी। ट्रेन के स्वागत के लिए सांसद विजय बघेल के अलावा अन्य भाजपा नेता रेल्वे स्टेशन में मौजूद रहेंगे और ट्रेन का स्वागत कर केंद्र सरकार के प्रति आभार प्रकट करेंगे।

बेगुनाह ने काटी जेल की सजा, कोर्ट से मिला न्याय

दुर्ग (आरएनएस)। खुर्सीपार पुलिस द्वारा की गई दोषपूर्ण कार्यवाही से एक बेगुनाह निर्धन सैय्यद मोहम्मद शमशेर को 2 साल 8 महीना 9 दिनों तक जेल की सजा काटनी पड़ी। यह मामला जब दुर्ग के जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय जायसवाल के न्यायालय में पहुंचा और उसमें सुनवाई प्रारंभ हुई,तब सच्चाई सामने आई और न्यायालय ने आरोपी बनाए गए सैय्यद मोहम्मद शमशेर को जेल से रिहा करने का आदेश दिया। अधिवक्ता मो.दानिश परवेज़ ने बताया कि यह मामला लॉकडाउन के दरम्यान 27 मार्च सन 2020 का है। खुर्सीपार में तेलघानी नाका के पास किराए के मकान में रहने वाली प्रार्थिया शबाना खातून पति मेहराज शाह के दो वर्षीय पुत्र आमिर शाह का किसी के द्वारा गला घोंट कर हत्या कर दी गई थी। जिसकी हत्या के आरोप में उसके पड़ोस में किराए के मकान में रहने वाले सैय्यद मोहम्मद शमशेर को आरोपी बना दिया गया। जब मामला न्यायालय पहुँचा। तब सच्चाई सामने आई। तत्कालीन विवेचक द्वारा घटना के संबंध में बिना किसी विवेचना किए ही बेगुनाह को आरोपी बना दिया गया। जिसके मकान व कमरे से शव बरामद हुआ था,उससे कोई पूछताछ नही की गई। साथ ही घटना के महत्वपूर्ण गवाह मृतक के पिता मेहराज शाह का बयान नही लिया गया। जिस तार से गला घोंटकर हत्या करना बताया गया है,उसका भी मेडिकल परीक्षण नही कराया गया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता द्वारा न्यायलयीन प्रतिपरीक्षण के दौरान विवेचक से सवाल पूछा गया,तो उन्होंने लॉकडाउन में बाहर गया था, इसलिए बयान नही लिया बताया। जबकि वह अपने मृत पुत्र के शव का सुपुर्दनामा स्वयं ही लिया था। निष्कर्ष में न्यायालय ने माना है कि विवेचक ने सम्पूर्ण विवेचना एक ही दिन में कर दी है,जो कि दोषपूर्ण विवेचना है। प्रकरण में आरोपी बनाए गए सैय्यद मोहम्मद शमशेर निर्धन परिवार का होने से उनकी ओर से शासन द्वारा विधिक सहायता से नियुक्त अधिवक्ता मो.दानिश परवेज़ ने मामले की पैरवी की।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु० सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनिकी शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं सम्मान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्कूल की दीवारें भी पढ़ा रही शिक्षा की पाठ

सूरजपुर (आरएनएस)। कलेक्टर इफ्फत आरा और जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय के निर्देशन में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज के मार्गदर्शन में विकासखंड रामानुजनगर के शासकीय प्राथमिक शाला शिवपुर में दीवारों को प्रिंटरिच कराया गया। जिससे शाला का बाहरी वातावरण भी शिक्षा पूर्ण हो। बच्चे शाला आने को उत्साहित रहे एवं स्कूल आने की उत्सुकता बनी रहे।

प्रिंटरिच वातावरण से बच्चे अति उत्साहित हो रहे हैं- विद्यालय के आंतरिक दीवारो के साथ अब बाहरी दीवारों पर भी कार्टून, प्रिंटरिच को देखकर बच्चे बहुत उत्साहित हो रहे है।

वॉल पेटिंग से बच्चे सीख रहे पढऩा- स्कूल की दीवार में वाल पेंटिग के चलते छात्र अपने पढ़ाई की आधारभूत जानकारी को देख देख कर ही सीख जाते हैं। इसके लिए अधिक मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ती। इस पेंटिग के माध्यम से बच्चों को सप्ताह के दिनों के नाम, महीनों के नाम, गिनती, पहाड़ा, वर्णमाला जैसे कई जानकारी खेल खेल में ही सीख जाते हैं। कार्टून कैरेक्टर के माध्यम से इन चीजों को आसानी से सिखाया जाता है। स्कूल में पदस्थ शिक्षक योगेश कुमार साहू ने बताया इन चित्रों के माध्यम से स्कूल में बच्चों को आसानी से पढ़ाई कराई जा सकती है। साथ ही स्कूल आकर्षक दिखता है। एक लाभ यह भी है की दीवारें भी साफ सुथरी रहती हैं। शाला के प्रधान पाठक ओम प्रकाश वर्मा एवं शिक्षिका मंजू सिंह के सहयोग से यह कार्य पूर्ण हुआ है।

शिक्षक का काम बेहद सराहनीय बीईओ- विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज ने बताया कि शाला में आने वाली राशि का उपयोग शिक्षक वॉल पेंटिंग, शाला के रखरखाव के लिए करें। इसके लिए हमेशा शिक्षकों को कहा जाता है। प्राथमिक शाला के शिक्षक द्वारा किया गया कार्य बेहद सराहनीय है।